2066. निम्नलिखित जिलों में से कौन सा कत्थे का मुख्य उत्पादक नहीं है?

(a) बीकानेर (b) भरतपुर
(c) बूंदी (d) झालावाड़

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (a) कत्थे के प्रमुख उत्पादक जिले जो क्रमशः उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बूंदी, भरतपुर और जयपुर है, जबकि बीकानेर में कत्थे का उत्पादन नहीं किया जाता है। कत्थे का वानस्पतिक नाम एकेएिया फैटेचू है। खैर वृक्ष के तने की छाल व टुकड़ों को उबालकर कत्था प्राप्त किया जाता है।

2067. राजस्थान में कौन सा स्थान 'ब्लू पॉटरी' के लिये जाना जाता है?

(a) अलवर (b) जयपुर
(c) टोंक (d) भरतपुर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) राजस्थान में 'ब्लू पॉटरी' उद्योग जयपुर में केन्द्रित है। यहाँ ब्लू पॉटरी की कला फारस एवं अफगानिस्तान से आई और मुगल काल के दौरान विकसित हुई थी। इन बर्तनों में आँखों को आकर्षित करने वाले नीले कलर का इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए इसे ब्लू पॉटरी कहा जाता है।

2068. राजस्थान सरकार ने उद्योग विभाग का नाम बदलकर रख दिया है -

(a) वाणिज्य विभाग
(b) उद्योग और सहकारिता विभाग
(c) उद्योग और तकनीकी विभाग
(d) उद्योग एवं वाणिज्य विभाग

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (d) मार्च 2021 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उद्योग विभाग का नाम बदलकर 'उद्योग एवं वाणिज्य' विभाग कर दिया है। अब इसके अन्तर्गत लघु, सूक्ष्म, मध्यम एवं वृहद उद्यमों के विकास के साथ-साथ सेवा क्षेत्र एवं वाणिज्य की गतिविधियों का विकास भी इस विभाग के क्रियाकलापों में में शामिल हो गया है।

2069. 2020-21 में राजस्थान के कुल सकल राज्य मूल्य वर्धन (GSVA) में प्रचलित कीमतों पर उद्योग क्षेत्र का कुल योगदान है-

(a) 18.6% (b) 21.7%
(c) 24.8% (d) 26.4%

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (c) 2020-21 में राजस्थान के कुल सकल राज्य मूल्यवर्धन (GSVA) प्रचलित कीमतों पर क्षेत्रीय योगदान निम्न है- कृषि-29.77%, उद्योग-24.80% तथा सेवा-45.43%

2070. राजस्थान का मोलेना गाँव किस हस्तकला के लिए प्रसिद्ध है-

(a) थेवाकला (b) टेराकोटा
(c) मीनाकारी (d) ब्ल्यू पॉटरी

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (b) राजस्थान का मोलेला गांव ''टेराकोटा'' हस्तकला के लिए प्रसिद्ध है। यह गांव बनास नदी कि किनारे पर अवस्थित होने के कारण कुम्हार नदी के किनारे से मिट्टी को इकट्ठा कर मूर्तियां, बर्तन व आभूषण बनाकर उन्हें आग से पकाकर तैयार करते है।

2071. 'चन्दूजी का गढा तथा बोडीगामा' स्थान किसके लिए विख्यात है-

(a) मीनाकारी के लिए
(b) जाजम छपाई के लिए
(c) कुन्दन कला के लिए
(d) तीर-कमान निर्माण के लिए

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (d) राजस्थान के दक्षिणी भाग में भील जनजातियाँ निवास करती है। भील का सामान्य अर्थ 'धनुष' होता है। ये लोग तीरंदाजी में कुशल होते हैं तथा धनुर्धारियों के रूप में जाने जाते हैं। 'चन्दूजी का गढ़ा व बोडिगामा स्थल तीर कमान के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। ये दोनों स्थल बांसवाड़ा जिलें में स्थित है।

2072. सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न वित्तीय संगठनों (RICO, RFC, RAJSICO आदि) द्वारा आकलित औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर 'A' श्रेणी में राजस्थान के कौन से जिले सम्मिलित किए गए हैं-

(a) बीकानेर, जोधपुर, भीलवाड़ा, जयपुर
(b) कोटा, अजमेर, उदयपुर, भरतपुर
(c) अलवर, टोंक, चित्तौड़गढ़, अजमेर
(d) जोधपुर, पाली, अजमेर, अलवर

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (d) विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संगठनों (RICO, RFC, RAJSICO आदि) द्वारा आकलित की गयी, औद्योगिक सम्भावनाओं के आधार पर राज्य के विभिन्न जिलों को चार श्रेणियों में बांटा गया है। इसके तहत A श्रेणी में जोधपुर, पाली, अजमेर अलवर को रखा गया है जबकि विशिष्ट श्रेणी मे जयपुर को रखा गया है।

2073. 'मंगला तेल क्षेत्र' जिस जिले मं स्थित है वह है-

(a) जोधपुर (b) पाली
(c) जालोर (d) बाड़मेर

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (d) मंगला तेल क्षेत्र, राजस्थान के बाड़मेर जिले में स्थित है। इसकी खोज केयर्न पेट्रोलियम कंपनी (ब्रिटेन) ने वर्ष 2004 में की थी। यह देश का सबसे बड़ा तेल भण्डार क्षेत्र है। इस क्षेत्र से पेट्रोलियम का उत्पादन 29 अगस्त, 2009 को शुरू हुआ था।

2074. राजस्थान में स्पेशल आर्थिक क्षेत्र अधिनियम पारित किया गया-

(a) 10 सितम्बर, 2003 (b) 11 अगस्त, 2002
(c) 12 जनवरी, 2004 (d) 13 जुलाई, 2004

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (a) राजस्थान में स्पेशल आर्थिक क्षेत्र अधिनियम 10 सितम्बर, 2003 को पारित किया गया। राजस्थान विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना बुनियादी ढ़ाँचे के विकास और राज्य से निर्यात व्यापार के लिए सबसे उपयुक्त परेशानी मुक्त वातावरण शुरू करने के उद्देश्य से की गयी है।

2075.कथन (A) - राजस्थान का दूसरा जस्ता शोधन संयंत्र अब चन्दोरिया (चित्तौड़गढ़) में स्थापित किया जा रहा है।

कारण (B) - चित्तौड़गढ़ जिले में जस्ता अयस भण्डार प्रचुर मात्रा में मौजूदा है। निम्नलिखित में से सही उत्तर बताइये -